समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 19 August 2026

# ग्रेजुएट्स और इंजीनियर्स के लिए सुनहरा मौका! BPCL मे मिल रही 16 लाख सालाना वाली नौकरी, ऐसे करे आवेदन।

Publisher

Published on 03 Jun 2025




## भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने जूनियर और एसोसिएट एग्जीक्यूटिव समेत कई पदों पर भर्ती निकाली है, जानिए योग्यता, चयन प्रक्रिया और सैलरी डिटेल्स।

**नई दिल्ली :** अगर आप **इंजीनियरिंग, एकाउंट्स**, या **केमिस्ट्री** जैसे फील्ड से हैं और एक बड़ी सरकारी कंपनी में नौकरी की तलाश कर रहे हैं, तो आपके लिए **भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (BPCL)** ने सुनहरा मौका दिया है। कंपनी ने **जूनियर एग्जीक्यूटिव** और **एसोसिएट एग्जीक्यूटिव** समेत कई पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है।

**कौन कर सकता है आवेदन ?**

**BPCL** की इस भर्ती में अलग-अलग योग्यता वाले उम्मीदवारों के लिए मौके हैं:

१. **जूनियर एग्जीक्यूटिव (इंजीनियरिंग) – मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इंस्ट्रूमेंटेशन, इलेक्ट्रॉनिक्स, सिविल या केमिकल इंजीनियरिंग** में डिप्लोमा।

२. **एसोसिएट एग्जीक्यूटिव (इंजीनियरिंग) – B.Tech, BE या BSc (इंजीनियरिंग) डिग्री धारक**।

३. **जूनियर एग्जीक्यूटिव (अकाउंट्स) – ग्रेजुएशन के साथ इंटर CA या CMA**।

४. **एसोसिएट एग्जीक्यूटिव (क्वालिटी एश्योरेंस) – MSc (केमिस्ट्री) मे डिग्री – ऑर्गेनिक, इनऑर्गेनिक, फिजिकल या एनालिटिकल**।

५. **सेक्रेटरी – 10वीं, 12वीं और ग्रेजुएशन उत्तीर्ण।**

### आयु सीमा

इन पदों के लिए उम्मीदवार की न्यूनतम **आयु 30 वर्ष** और **अधिकतम 35 वर्ष** होनी चाहिए। हालांकि **SC/ST** और **OBC वर्ग** के अभ्यर्थियों को नियमानुसार छूट दी जाएगी।

### सैलरी पैकेज जानकर चौंक जाएंगे!

१. **जूनियर एग्जीक्यूटिव – ₹30,000 से ₹1,20,000 प्रतिमाह** (CTC: ~₹11.86 लाख प्रति वर्ष)
२. **एसोसिएट एग्जीक्यूटिव – ₹40,000 से ₹1,40,000 प्रतिमाह** (CTC: ~₹16.64 लाख प्रति वर्ष)

### चयन प्रक्रिया क्या है?

१. **योग्यता और अनुभव के आधार पर शॉर्टलिस्टिंग**
२. **रिटन एग्जाम**
३. **केस-आधारित डिस्कशन, ग्रुप टास्क और इंटरव्यू**

### कैसे करे आवेदन?

उम्मीदवार **BPCL** की आधिकारिक वेबसाइट www.bharatpetroleum.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि और अन्य विवरण के लिए वेबसाइट पर अपडेट चेक करें।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.